दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 84 मुरादाबाद 19 July 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये


प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## 15वें राष्ट्रपति के लिए मतदान संपन्न, जमकर हुई क्रॉस वोटिंग



भारत के 15वें राष्ट्रपति चुनाव में मतदान संपन्न हो गए हैं। दिल्ली से लेकर राज्यों की विधानसभाओं में सांसद और विधायकों ने वोट डाले। एक ओर जहां ह्ड की तरफ से झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू मैदान में हैं। वहीं, विपक्ष के साझा उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा हैं। सुबह के 10 बजे से शाम के 5 बजे तक वोट डाले गए। अब 21 जुलाई को परिणाम घोषित किए जाएंगे। 24 जुलाई को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल खत्म हो रहा है। 25 जुलाई को नए राष्ट्रपति शपथ लेंगे। इधर, सोमवार से संसद का मानसून सत्र भी शुरू होने जा रहा है। सत्र के दौरान जमकर हंगामे के आसार हैं। दिल्ली विधानसभा में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान संपन्न हो गया है। 70 सदस्यों वाली विधानसभा में 68 सदस्यों ने अपना वोट डाला है। मुस्तफाबाद के विधायक हाजी युनुस हज यात्रा पर हैं। वीं सत्येंद्र जैन जेल में हैं। राष्ट्रपति चुनाव के लिए संसद और देश के सभी राज्यों की विधानसभाओं में मतदान जारी है। एनडीए ने एक तरफ अपना कुनबा इस चुनाव में मजबूत करके दिखाया है तो वहीं विपक्षी खेमे को क्रॉस वोटिंग का सामना करना पड़ा है। गुजरात से लेकर यूपी तक में एनसीपी, कांग्रेस और सपा में फूट देखने को मिली है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा पहुंचकर अपना वोट डाला। बता दें कि टीएमसी ने विपक्षी प्रत्याशी यशवंत सिन्हा का समर्थन करने का ऐलान किया था। भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी अपना वोट डाला। राज्यों के विधानसभा में वोटिंग संपन्न होने की ओर है। राष्ट्रपति चुनाव में उत्तर प्रदेश की अलग अहमियत है। उत्तर प्रदेश के विधायकों की वोट वैल्यू सबसे ज्यादा 208 है। यहां 403 विधायक हैं। ऐसे में राष्ट्रपति चुनाव के लिहाज से उत्तर प्रदेश सबसे महत्वपूर्ण है। अगर यहां सपा में क्रॉस वोटिंग होती है तो उसका बड़ा फायदा एनडीए प्रत्याशी को मिलेगा। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी सांसद राहुल गांधी ने भी संसद में वोट डाला। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी मतदान किया।राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट डाला। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह और भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## सावन के पहले सोमवार पर बवाल: बस की टक्कर से 2 कावड़ियों की मौत, साथियों ने 7 बसों में लगाई आग



अमरोहा। यूपी के अमरोहा जनपद के डिंडोली कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 9 पर सोमवार सुबह दो बाइक सवार कांवड़ियों की मौत हो गई। मेरठ रोडवेज बस से टक्कर के बाद दोनों कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई। इससे अन्य कांवड़िये गुस्सा गए और हंगामा कर दिया। इलाके में हजारों की संख्या में भीड़ जमा थी। कांवड़ियों ने जमकर उत्पात मचाया। गुस्साए कांवड़ियों ने 7 रोडवेज बस में तोड़फोड़ की और कई में आग लगा दी। हादसे की जानकारी होते ही भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गुस्साए कांवड़ियों को समझाकर शांत करवाया। बताया जा रहा है कि तोड़फोड़ शुरू होते ही आरपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। मृतक कांवड़िये राहुल और गौरव मिलक कल्याणपुर थाना कटघर मुरादाबाद जनपद के रहने वाले थे। पुलिस ने गुस्साए कांवड़ियों को समझाकर हाईवे से जाम खुलवाया। गौरतलब हो की आज सावन का पहला सोमवार है और कांवड़िए बड़ी संख्या में भगवान शिव का जलाभिषेक करने निकले हैं। हालांकि कांवड़ियों के लिए सड़क मार्ग खाली करवाते हुए इलका में ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है फिर भी रास्तों पर वाहन आ जा रहे थे।हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ियों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। कांवड़ियों ने 2 घंटे तक हाईवे पर बवाल किया और जाम लगाए रखा।

हादसे के बाद हंगामे की सूचना पाकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। कांवड़ियों को हर संभव कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए शांत कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिजन भी अमरोहा पहुंच गए हैं।

## उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए जगदीप धनखड़ का नामांकन, पीएम नरेंद्र मोदी संग दिखा एनडीए का कुनबा




उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार जगदीप धनखड़ ने नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा भी उनके साथ मौजूद थे। वहीं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समेत भाजपा के कई और सीनियर नेता इस मौके पर नजर आए। यही नहीं एनडीए की ओर से इस मौके पर एकता का भी इजहार किया गया। नामांकन के मौके पर अपना दल की नेता अनुप्रिया पटेल और रिपब्लिकन पार्टी के नेता रामदास आठवले भी पहुंचे थे। इस तरह भाजपा ने उपराष्ट्रपति के लिए धनखड़ के नामांकन के मौके पर शक्ति प्रदर्शन भी किया।शनिवार को ही भाजपा की ओर से जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाने का ऐलान किया गया था। वह फिलहाल बंगाल के गवर्नर हैं और राजस्थान के झुंझुनू के रहने वाले हैं। नामांकन के बाद जगदीप धनखड़ ने कहा कि मैं हमेशा देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाकर रखूंगा।

उन्होंने कहा कि मैंने तो कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मेरे जैसे व्यक्ति को कभी इस तरह का अवसर मिलेगा।नामांकन से पहले जगदीप धनखड़ ने अलग-अलग दलों के सांसदों से भी मुलाकात की। इसके बाद नामांकन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के साथ निकले। इस मौके पर बीजू जनता दल और लोक जनशक्ति पार्टी के नेता भी मौजूद थे। विपक्ष की ओर से महिला नेता मार्गरेट अल्वा को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है।

## अखिलेश यादव बोले- जाने वाले को कोई रोक नहीं सकता, ओपी राजभर और चाचा शिवपाल पर निशाना

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर और अपने चाचा शिवपाल यादव पर पहली बार खुला हमला बोला। अखिलेश यादव ने यहां तक कहा कि जाने वाले को कौन रोक सकता है। राष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग के दौरान ही बीजेपी के दावे पर अखिलेश यादव ने बड़ा आरोप भी लगाया। राष्ट्रपति चुनाव में वोट देकर निकले अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बढ़ती मंहगाई, दूध उत्पादों पर बढ़ाए गए जीएसटी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवड़ी वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। अखिलेश यादव ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में साजिश रची गई है। इसी के तहत पहले दो डिप्टी सीएम ने ट्वीट किया और चाचा शिवपाल ने चिट्ठी लिखी है। अखिलेश ने कहा कि जाने वाले को कोई रोक नही सकता। दिल्ली से चिट्ठी पॉलिटिक्स की गई। चाचा से चिट्ठी लिखवाई गई। लोकसभा में सपा घेरेगी। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर के गठबंधन तोड़ने पर अखिलेश ने कहा कि जिन पार्टी को जो फैसला लेना है वो ले सकते हैं। अर्थव्यवस्था पर कोई चर्चा हो सके, उसके लिए वोट दिया है। इससे पहले रविवार को सुभासपा प्रमुख ने कहा था कि सपा गठबंधन टूटा तो बसपा के साथ हम जा सकते हैं। हम बीजेपी नहीं बल्कि द्रौपदी मुर्मू का समर्थन कर रहे हैं।

## माखनपुरवा में संपन्न हुआ ग्राम्य स्तरीय अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ

प्रद्युम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कानपुर ( बिल्हौर )- तहसील क्षेत्र के अंतर्गत माखनपुरवा गांव में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का भव्य सम्पन्न हुआ यह आयोजन योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तहसील बिल्हौर कानपुर नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा संपन्न कराया गया, अनवरत 24 घंटे चले इस अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र को नशा मुक्त, मांसाहार मुक्त, जातिभेद मुक्त, छुआछूत मुक्त व सांप्रदायिकता से मुक्त रहने के लिए और संस्कारवान जीवन जीने के लिए प्रेरित किया, कार्यक्रम का लक्ष्य धर्म राष्ट्र और मानवता की सेवा करना है। प्रारंभिक बेला के कार्यक्रम का संचालन टीमप्रमुख श्रवण कुमार ने किया, भगवती मानव



कल्याण संगठन से योगेंद्र तिवारी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से सुभाष चंद्र व चंद्रेश सिंह के साथ-साथ भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तहसील बिल्हौर के तहसील अध्यक्ष संजय त्रिपाठी व महिला शाखा की अध्यक्ष नीरज कटियार के साथ-साथ सत्यवती पाल, रामचंद्र यादव, संजीव कटियार, श्री कृष्ण कठेरिया, राकेश गौतम, श्रवण कुमार, रवि शंकर गुप्ता, मुनेश चौरसिया, निधि चौरसिया, सोनम चौरसिया, योगेश कटियार, किशन लाल पाल, रमन पाल, रौनक पाल मेवालाल, श्रीष तिवारी,राजवती पाल, राकेश गौतम, राहुल कुमार, दुर्गा सिंह, रश्मि कटियार, आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे, कार्यक्रम के समापन बेला में वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित मां भक्तों को संबोधित किया गया साथ ही संगठन की विचारधारा जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया, बिल्हौर संगठन के अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने बताया कि मां की महाआरती का क्रम प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को क्षेत्र में स्थित एक निजी गेस्ट में संपन्न किया जाता है जिसमें उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाता है ।

## पंडाबाग मंदिर में भक्तो भारी भीड़ दर्शन को लगी लंबी लाइन रेलवे रोड फर्रुखाबाद जाम

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


फर्रुखाबाद - रेलवे रोड स्थित आज पांडेश्वर नाथ मंदिर ( पंडावाग ) में सावन के पहले सोमवार पर शिव भक्तों के भारी भीड़ सूरज की पहली किरण के साथ ही लगने लगी। मंदिर के बाहर सड़क पर लंबी लाइन देखने को मिली। मान्यता है कि पंडाबाग मंदिर की स्थापना महाभारत काल मे अज्ञातवास के समय पांडवो द्वारा की गई थी। पांडवो के साथ भगवान श्रीकृष्ण भी मौजूद थे इस कारण शिव भक्तों में इस मंदिर का विशेष महत्व है। भक्तो का मानना है कि इस मंदिर में शिवलिंग के दर्शन और जलाभिषेक से सारे कष्ट का निवारण हो जाता है। सावन माह में भगवान शिव के भक्तों की भीड़ दर्शन करने को प्रति दिन लगी रहती है भारी संख्या में भक्त गण गंगा जल से सूर्य की पहली



किरण के साथ जल अभिषेक करते है।मंदिर महाभारत कालीन होने के कारण शिव भक्तों में विशेष महत्व रखता है।भक्तो की पंडाबाग मंदिर के प्रति अपर श्रद्धा है।भारी भीड़ के कारण जिला प्रशासन को शांति व्यवस्था बनाने के लिए स्थानीय चौकी व पुलिसलाइन के भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। उपनिरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि मंदिर में शांति व्यवस्था बानी है तथा कोई अप्रिय घटना नही हुई है। भक्तो ने शांतिपूर्वक मंदिर में दर्शन किये है

## अखिलेश यादव बोले- जाने वाले को कोई रोक नहीं सकता, ओपी राजभर और चाचा शिवपाल पर निशाना

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर और अपने चाचा शिवपाल यादव पर पहली बार खुला हमला बोला। अखिलेश यादव ने यहां तक कहा कि जाने वाले को कौन रोक सकता है। राष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग के दौरान ही बीजेपी के दावे पर अखिलेश यादव ने बड़ा आरोप भी लगाया। राष्ट्रपति चुनाव में वोट देकर निकले अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बढ़ती मंहगाई, दूध उत्पादों पर बढ़ाए गए जीएसटी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवड़ी वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। अखिलेश यादव ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में साजिश रची गई है। इसी के तहत पहले दो डिप्टी सीएम ने ट्वीट किया और चाचा शिवपाल ने चिट्ठी लिखी है। अखिलेश ने कहा कि जाने वाले को कोई रोक नही सकता। दिल्ली से चिट्ठी पॉलिटिक्स की



गई। चाचा से चिट्ठी लिखवाई गई। लोकसभा में सपा घेरेगी। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर के गठबंधन तोड़ने पर अखिलेश ने कहा कि जिन पार्टी को जो फैसला लेना है वो ले सकते हैं। अखिलेश ने कहा कि समाजवादियों के प्रति भाजपा की भाषा हमेशा से खराब रही। सपा प्रमुख ने बीजेपी के दावे पर कहा कि अगर एसपी के विधायक बीजेपी के संपर्क में हैं तो बीजपी उनकी लिस्ट जारी करे। बीजेपी से ज्यादा अच्छा गुमराह करने किसी को नहीं आता है। बीजेपी के चरित्र को सब कोई जानता है। वोटिंग से पहले बीजेपी ने दावा किया था कि सपा के 25 से 30 विधायक हमारे संपर्क मे हैं।समाजवादी पार्टी सोशलिस्ट राजनीति कर रही है। जो लोग समाजवादी राजनीति कर रहे हैं, भाजपा उसके खिलाफ है। इसी दौरान अखिलेश यादव ने दुध उत्पादों की कीमत बढ़ने पर ट्वीट कर कहा कि आज से आटा, दही, पनीर से लेकर ब्लेड, शार्पनर, एलईडी, इलाज, सफर सब पर जीएसटी की जो मार आम जनता पर पड़ी है, उससे दुखी होकर जीएसटी का एक नया भाव-अर्थ सामने आया है। गयी सारी तनख्वाह। पीएम मोदी के रेवडी वाले बयान पर उन्होंने कहा कि रेवड़ी की परिभाषा क्या है, बीजेपी को बताना चाहिए रेवड़ी क्या है। जनता को फ्री बिजली देना चाहिए। कोई चर्चा हो सके, उसके लिए वोट दिया है। इससे पहले रविवार को सुभासपा प्रमुख ने कहा था कि सपा गठबंधन टूटा तो बसपा के साथ हम जा सकते हैं। हम बीजेपी नहीं बल्कि द्रौपदी मुर्मू का समर्थन कर रहे हैं।

## कायमगंज का जवान पुलवामा आतंकी हमले में शहीद

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - सीआरपीएफ के नायब सूबेदार दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों के हमले में शहीद हो गये7 उनके शहीद होनें की खबर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया7 कोतवाली कायमगंज के ग्राम नगला विधि निवासी 53 वर्षीय विनोद कुमार पाल दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ नायब सूबेदार के पद पर तैनात थे7 पूर्व में 20 दिन के अवकाश पर विनोद घर आये थे और अपनी पत्नी सुमन का ऑपरेशन कराया था। 24 जून को ही वापस डियूटी पर गये थे7 वह रविवार को दोपहर नायब सूबेदार पुलवामा के गोंगू क्रासिंग पर अन्य जवानों के साथ चेकिंग कर कर रहे थे। तभी आतंकियों ने हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गये7 उनके साथ उन्हें



अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में उनकी मौत हो गयी7 उनके शहीद होनें की घर गाँव आयी तो कोहराम मच गया7 शहीद की पत्नी सुमन का रो-रो कर बुरा हाल हो गया7 घटना से कुछ देर पूर्व ही शहीद विनोद नें अपने पुत्र राजा से फोन पर बात भी की थी7 शहीद के पुत्र राजा ने बताया कि पिता का पार्थिव शरीर हवाई यात्रा से दिल्ली लाया जायेगा। इसके बाद लखनऊ पहुंचेगा। वहां से शव पैतृक गांव नगला विधि पहुंचेगा। गांव में ही पिता का अंतिम संस्कार होगा।

## मनवरिया भोजा में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा राशन वितरण ना करके कालाबाजारी करने का आरोप

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मनवरिया भोजा मे आंगन बाड़ी कार्यकत्री के द्वारा राशन का बितरण न करना व सरकारी लाभ न देकर मिलने वाला कि कालाबाजारी करने के संबंध में जिला अधिकारी श्रावस्ती उप जिलाधिकारी जमुनहा परियोजना अधिकारी बाल विकास कार्यालय जमुनहा को प्रार्थना पत्र भेजकर लगाया राशन की कालाबाजारी करने का आरोप ग्रामीणों ने मनवरिया भोजा के मजरा बख्तावर पुरवा में तैनात आंगनबाड़ी के द्वारा बच्चों को मिलने वाला लाभ न देने व आंगनबाड़ी केंद्र पर मौजूद न रहने को लेकर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर जांच कराने कार्यवाही की मांग किया है।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

## फर्जी आदेशों के सहारे ग्राम सभा की सरकारी सुरक्षित भूमि किसान ने हड़प्पा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंडा के मजरा दामोदरा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने जिलाधिकारी श्रावस्ती उप जिलाधिकारी जमुनहा मुख्यमंत्री शासन उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रार्थना पत्र भेजकर आरोप लगा है कि चकबंदी आकार पत्र 45 /41 के मुताबिक खाता संख्या 249 नवीन परती, की गाटा संख्या 332 खेल मैदान ,तथा गाटा संख्या 333 स्कूल, तथा गाटा संख्या 334 ग्राम पंचायत भवन हेतु, सुरक्षित है आकार पत्र 45 से जो पहली खतौनी संन 1377 से 1379 फसली खाता संख्या 249 नवीन परती पर दिनांक 27 /5/ 1973 को फर्जी तरीके से उस गाटा संख्या गांव सभा दामोदरा के नाम से खारिज होकर मोहम्मद इदरीश पुत्र असद खान साकीन सती जोर परगना तहसील नानपारा जनपद बहराइच के नाम गलत दर्ज है उस गाटा संख्या सार्वजनिक प्रयोजन हेतु सुरक्षित है इसलिए उक्त गाटा संख्या का किसी भी स्थिति में अन्य प्रयोजन हेतु । प्रयोग में नहीं लिया जा सकता है और ना ही किसी के नाम पटटा बनाया जा सकता है जिस प्रयोजन हेतु उक्त गाटा संख्या सुरक्षित थी उसी के खाते में गलत इंद्राज को खारिज उसी प्रयोजन हेतु दर्ज किया जाना जनहित एवं न्याय हित में आवश्यक है

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम सफलता की तैयारी हेतु कलेक्टेट में बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - आजादी के अमृत महोत्सव के अर्न्तगत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अर्न्तगत दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य हर घर तिरंगा प्रत्येक भारतीय को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झण्डा फहराने के लिए प्रेरित करने के संबंध में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेउ्ट सभागार में समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों, एनजीओ, एनएसएस, एनसीसी, सिविल डिफेन्स एवं अधिशासी अधिकारियों के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आहूत किए जाने के संबंध में सुझाव लिए तथा कहा कि कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागरुक करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान व भाव उजागर करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम प्रत्येक सरकारी अधिकारी/कर्मचारी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वित किया जायेगा। जनपद के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में झण्डा के वितरण/बिक्री हेतु केन्द्रों को चिन्हित कर जनपद की समस्त सरकारी राशन की दुकानों को झण्डा वितरण एवं बिक्री केन्द्र के रुप में प्रयोग किया जाये। झण्डों के निर्माण हेतु स्वयं सहायता समूह को सम्मिलित करते हुए झण्डा निर्माण समूहों का गठन किया जाये। नगरीय एवं पंचायत स्तर पर लोगों को झण्डा क्रय करने एवं कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित किया जाये। अधिशासी अधिकारियों से कहा कि व्यापार मण्डल एवं विभिन्न एनजीओ के साथ बैठक कर इस बात के लिए प्रेरित किया जाये कि झण्डा खरीद कर घर में लगाया जाये। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक से हर घर तिरंगा कार्यक्रम की कार्ययोजना के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि स्कूलों में प्रार्थना सभाओं में इस बात किए लिए प्रेरित एवं जागरुक किया जाये तथा डिग्री कालिजों एवं पॉलीटेक्निक कालिजों के साथ वर्चुअल बैठक कर जानकारी प्रदान की जाये। उन्होंने कहा कि एनसीसी, सिविल डिफेन्स, एनएसएस आदि के द्वारा प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जागरुक किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि 5 हजार की जनसंख्या से ऊपर वाली ग्राम सभाओं एवं 5 हजार की जनसंख्या से कम वाली ग्राम सभाओं की सूची बनायें और ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधान, राशन डीलर, आंगनवाडी,



आशा आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सहयोग लिया जाये। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को इस संबंध में कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि शहरी क्षेत्र में सिविल डिफेन्स एवं पार्षदों, व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाये। बिल्डर्स एवं मल्टीस्टोरी हेतु एमडीए की मदद को भी लिया जा सकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि झण्डा लगाने में झण्डा संहिता का पालन किया जाये, झण्डा निर्माण वितरण एवं जागरुकता पर विशेष ध्यान दिया जाये।

हमारा लक्ष्य यही है कि हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये। इस महोत्सव को अच्छे ढंग से मनाया जाये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता हेतु न्याय पंचायत स्तर एवं नगर स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किए जाये। सब मिलकर पूरे उत्साह के साथ कार्य करेंगे तो कार्यक्रम सफल होगा। उन्होंने एसपी ग्रामीण से कहा कि थाने पर आयोजित होने वाली बैठकों के माध्यम से भी लोगों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जागरुक किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता हेतु मुख्य लक्ष्य झण्डा वितरण कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर पर झण्डा फहराया जाना है। इसके लिए लोगों को प्रेरित करें कि झण्डा खरीद कर ही फहराना है। उन्होंने कहा जनपद को दिए गये लक्ष्यों एवं आवश्यकता के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में झण्डों का निर्माण सुनिश्चित कराया जाये।

बैनर, पम्पलेट, स्टैण्डी, होर्डिंग्स एवं अन्य उपयुक्त माध्यम से स्थानीय भाष एवं बोली में कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। अधिक से अधिक लोगों को अभियान में जोडे ताकि लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। बैठक में एसपी देहात, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी नगर, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, एनएसएस, एनसीसी, सिविल डिफेन्स, अधिशासी अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## बीमा और लोन कराने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


मुरादाबाद - मझोला पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर फर्जी बीमा और लोन कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। मझोला के बुद्धविहार में आरोपी बीते पांच माह से ऑफिस खोलकर लोगों को चूना लगा रहे थे। फेसबुक, वाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया माध्यम से आरोपी लोगों को निशाना बनाते थे। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि आरोपियों के पास से लैपटॉप, मोबाइल फोन, रजिस्टर आदि बरामद किया है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और सीओ सिविल लाइंस आशुतोष तिवारी ने सोमवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि बुद्धविहार में कुछ लोग एक ऑफिस बनाकर लोन और बीमा कराने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। उक्त सूचना पर एसआई जितेंद्र कुमार और एसआई अखिलेश गंगवार की टीम ने रविवार देर शाम बुद्धिवहार एलआईसी ऑफिस के पास स्थित एक मकान में छापेमारी की। मौके से ठाकुरद्वारा के गांव लालावाला निवासी जैनेंद्र उर्फ जैनू और हापुड़ जिले के हाफिजपुर थाने के गांव भाटैल निवासी अमित कुमार को गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी ने बताया कि दोनों आरोपी अपने दो अन्य साथी रवि चौधरी और कावेंद्र सिंह के साथ मिलकर ठगी का गिरोह चला रहे थे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को बीमा और लोन दिलाने का झांसा दिया जाता था। बाद में रकम लेकर फर्जी बीमा करा दिया जाता है। जबकि लोन मांगने वालों को फर्जी एप्रूवल लेटर देकर ठगी की जाती थी। बकौल पुलिस आरोपियों के पास से एक लैपटॉप, 8 रजिस्टर, 4 मोबाइल फोन, एक फाइल बरामद हुई है। आरोपियों ने बताया कि मार्च से यह गोरखधंधा कर रहे थे। पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस गिरोह के बारे में और गहनता से जांच की जा रही है।

## महिला का आरोप ससुराल वालों ने कराया जानलेवा हमला

मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-महिला का आरोप ससुराल वालों ने कराया जानलेवा हमला बुलेट पर सवार तीन लोगों को भेजकर कराया गया जानलेवा हमला पूरा मामला मुरादाबाद सिविल लाइन थाना क्षेत्र टीडीआई सिटी का सामने आया है जहां की रहने वाली सृष्टि नाम की महिला ने जानकारी देते मीडिया को बताया कि बुलेट पर सवार होकर 3 लोग आए और उन्होंने मेरे साथ बीच सड़क पर मारपीट कर मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए दरअसल पीड़ित महिला का आरोप है कि ससुराल वालों ने ही मेरे ऊपर कराया है जानलेवा हमला महिला का कहना है कि मैंने बीते समय पूर्व अपने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ित



और मुझे जला देने का प्रयास करने को लेकर मेरे ससुराल वालों पर मुकदमा दर्ज किया गया था जिसका केस अभी तक कोर्ट में विचाराधीन है वही महिला का आरोप है कि ससुराल वाले चाहते हैं कि मैं अपना केस वापस ले लु जिसको लेकर वह लगातार मुझे धमकी देते हैं और आज उन्होंने ही मेरे पर जानलेवा हमला कराया है महिला ने इस मामले को लेकर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है

## उत्तराखंड के टैंपो चालकों पर कसा पुलिस ने शिकंजा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर उत्तराखंड के टैंपो चालक नियम कानून की धज्जियां उड़ाकर यूपी का टैक्स अदा किए बगैर सवारियां ढो रहे हैं। इससे हादसे का खतरा बढ़ने के साथ ही राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा है। आपके प्रिय अखबार में समाचार प्रकाशित होने के बाद एसएसपी हेमंत कुटियाल ने कोतवाली पुलिस को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर काशीपुर मुरादाबाद हाईवे पर नूर करीम होटल के सामने से काशीपुर चुंगी तक खड़े सात टैंपो का चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तराखंड के टैंपो चालकों ने यूपी की सीमा में घुसने का प्रयास किया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कार्रवाई से टैंपो चालकों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के भय से उत्तराखंड के टैंपो चालक सोमवार को ठाकुरद्वारा में घुसने का साहस नहीं जुटा



पाए।

### निजी बस संचालकों ने भी राहत की सांस

ठाकुरद्वारा। यूपी का टैक्स अदा न अदा करने और मौके पर सहयोग करने वाली प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारी टैंपो चालकों की मनमानी को लेकर काफी परेशान थे। पुलिस कार्रवाई से बस यूनियन पदाधिकारियों ने राहत की सांस ली। घंटनाओं की आशंका घटी ठाकुरद्वारा। अंधाधुंध दौड़ते टैंपो ओवरलोड होने की वजह से घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। कोतवाली पुलिस ने कड़ा रुख अपनाने से दुर्घटनाओं की आशंका भी काफी कम हो गई है। क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial


# Ahead of newton

It has been 295 years since the great scientist Sir Isaac Newton passed away. The laws of gravitation and motion that he gave us about three centuries ago, the study of physics in the whole world still starts from them. From falling of fruits, falling of leaves to the biggest avalanches of the world can also be understood by these rules. Even today the sun, moon, stars and planets and satellites hovering in our sky seem to follow the same rules. By these laws of Newton, scientists and astronomers make accurate calculations of every activity in our solar system. But when we go into the expanse of the whole space, then in some places these rules appear to be disturbed. Especially in the case of stars, planets and satellites, which are at the outer edge of our galaxy. Their speed appears to be exceptionally fast. The question of why they run so fast has puzzled astronomers for a long time. One theory was that gravity weakens as we go there, so the speed of stars increases there. This attempt to solve the puzzle led the scientists to a new hypothesis, which is still the biggest puzzle for science today. Scientists came to the conclusion that there must be some invisible substance there, whose pressure is changing the speed of stars. From here began the hypothesis of 'dark matter', that is, a substance that cannot be seen, felt, has no weight or weight, neither absorbs any light, nor does it emit any light. It emits no radiation, it has nothing to do with any kind of radiation. This hypothesis, given five decades ago, said that it is dark matter, due to which many celestial objects appear to violate Newton's laws. Since then this dark matter has not been visible anywhere, but it has definitely become an important part of the calculations of physics. Scientists also came to the conclusion that 85 percent of this entire creation is dark matter. All scientists seem to be almost unanimous about this fact, but the riddle of the divergence of distant stars is not completely solved by this. Israeli scientist Mordahai Milgrom tried to solve this puzzle differently. He returned to the same old opinion that a weakening of the force of gravity changes the motion of stars. Along with this, he gave such a law of gravity, for which there was no need for any invisible matter. They have described how in these conditions the curve of the motion of the stars is changed, causing their speed to accelerate. With his theory, he was also able to explain under what conditions at what speed a star or celestial body would move. This new theory has been named 'Milgromian Dynamics'. It is actually a new extension of Isaac Newton's theory of gravity, which applies to the motion of distant stars and satellites of the Milky Way. The world around us is still running on the same dynamics, which Newton had explained three centuries ago.

ताजा अपडेट के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM

# Tara Sutaria gets her first solo film, will be seen in this thriller battling between life and death



These days Tara Sutaria is in discussions about her upcoming film Ek Villain Returns. The actress recently sang a song for the film as well and it was her singing debut as well. Now Tara has got another big news, the actress has got her first lead film.““Tara, who started her career with Student Of The Year, has been sharing screen with some actress in all the films she has done so far, but now Tara will be seen as the main lead in the film. Star Studios and Cine1 Studios have announced their next project 'Apoorva' with Tara Sutaria on 18th April. Tara starrer will be directed by Nikhil Nagesh Bhat. Tara Sutaria, who essays the role of Apoorva says, “I could not have asked for a better script and I am proud to be able to play the role of Apoorva as a young actress. This is the story of a girl who has amazing patience and strength, and I am excited to begin my journey to play the role of a young woman whose mind and guts keep her alive through all odds.” Murad Khetani of Cine1 Studios said, “When I heard 'Apoorva', I immediately knew that this story needs to reach the audience. I believe Tara is extremely talented and it will be exciting to introduce her in this thriller helmed by Nikhil Bhat. It has been great fun collaborating with Star Studios and the entire team to bring this story on screen."““Director Nikhil Nagesh Bhat says, “I appreciate Murad bhai for giving me the opportunity to direct such a unique story. It is a script that will leave the audience completely mesmerized. I look forward to collaborating with Star Studios and look forward to the entire process!"

# From going to boarding school on mistake to 'boob job' advice, know things related to Priyanka Chopra



The coin of Bollywood's Desi Girl Priyanka Chopra Jonas now runs abroad as well. Priyanka Chopra, born on July 18, has taken herself to a different and bigger position with her hard work and risky decisions. While Priyanka Chopra is active in Bollywood, on the other hand she is working very fast in Hollywood too. Priyanka Chopra's journey was not easy and she had to face a lot of difficulties in personal as well as professional life. On the special occasion of Priyanka Chopra's birthday (Priyanka Chopra Jonas Birthday), let us tell you some things related to the actress.... Bub Job's advice was received.“Priyanka Chopra may be called a global icon now, but she also faced a lot of troubles in the initial times. While Priyanka was sometimes shown the way out of films, sometimes strange advice was given. Priyanka told about one such anecdote in her book 'Unfinished'. Priyanka Chopra had told that the director she met for the first time after winning the Miss World title in 2000, had advised her to get a 'boob job' so that her body proportions could be correct. Although the actress has not disclosed the name of that famous director/producer. Priyanka had also written in the book that after meeting the director, she was very surprised and felt small. Due to a mistake, she was sent to the boarding school.“In her book itself, Priyanka had also mentioned the story, due to which she had to go to boarding school. Priyanka had told that she had spoken rudely to her father Ashok Chopra and because of this she was sent to boarding school.

# बॉडीगार्ड वाला आम आदमी, दो गनर की सुरक्षा में सड़क पर कपड़ा बेचता है ये ठेले वाला

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद एटा में एक ऐसा नजारा देखने को मिला जिसने सभी को चकित करके रख दिया। यहां सड़क पर एक व्यक्ति ने कपड़े का ठेला लगा रखा था और उसके पीछे कुर्सी डालकर दो गनर बैठे थे।

जिला एटा में एक ऐसा नजारा देखने को मिला जिसने सभी को चकित करके रख दिया। यहां सड़क पर एक व्यक्ति ने कपड़े का ठेला लगा रखा था और उसके पीछे कुर्सी डालकर दो गनर बैठे थे। दोनों गनर ठेले वाले की सुरक्षा के लिए थे। यह नजारा देखकर हर कोई भयभीत था कि आसानी से व्यापारियों और नेताओं को पुलिस का एक गनर नहीं भी मिलता और यहां एक ठेले वाले की सुरक्षा के लिए दो-दो गनर तैनात थे। दरअसल हाईकोर्ट के आदेश पर इस ठेले वाले की सुरक्षा में दो सशस्त्र गनर मिले हैं। वो आरोपियों रामेश्वर सिंह यादव और जुगेंद्र सिंह का पीड़ित है। आरोपियों ने ही खुद के खिलाफ जाति सूचक गालियां देने और बंधक बनाकर बैनामा कराने के दायर मुकदमे को खारिज करने की याचिका डाली थी। इसकी सुनवाई में कोर्ट ने आदेश दिए। मामले में अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। सपा नेता रामेश्वर सिंह और जुगेंद्र सिंह यादव की ओर से हाईकोर्ट में एक याचिका डाली गई थी। इसमें मांग की गई थी कि थाना जैथरा में बंधक बनाकर जमीन पर कब्जा करने एवं जाति सूचक गालियां देने का मुकदमा दर्ज



कराया गया है, वह झूठा है। इस मुकदमे को खारिज किया गया जाए। हाईकोर्ट की ओर से पीड़ित रामेश्वर दयाल निवासी जैथरा को भी नोटिस जारी कर शनिवार को बुलाया गया था। हाईकोर्ट में न्यायाधीश ने सुनवाई शुरू की। जुगेंद्र सिंह यादव की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने मांग की कि यह मामला झूठा है और इसे खारिज कर दिया जाए। उसी दौरान न्यायाधीश ने पीड़ित को देखते हुए आश्चर्य जताया कि पीड़ित बिना सुरक्षा यहां तक कैसे आ गया। पुलिस ने अभी तक उसे सुरक्षा मुहैया क्यों नहीं कराई। न्यायाधीश ने सुरक्षा देने के आदेश पारित कर दिए। इस पर रविवार को एसएसपी उदयशंकर सिंह पीड़ित रामेश्वर दयाल की सुरक्षा में दोपहर को ही दो सशस्त्र कांस्टेबल लगा दिए। पीड़ित रामेश्वर दयाल अपनी आर्थिक स्थिति अच्छी ना होने की वजह से सुरक्षा नहीं चाहते थे। इसके लिए उन्होंने न्यायाधीश से गुहार भी लगाई थी। हथठेले पर बेचते हैं कपड़े पीड़ित रामेश्वर दयाल जैथरा में हथठेले पर रेडीमेड कपड़े आदि बेचते हैं। उनके पास कोई दुकान नहीं है। दोपहर को जब उनके पास दो कांस्टेबल पहुंचे तो वह एकबारगी तो उन्हें खरीदार समझ बैठे। खुद उठकर खड़े हो गए। बाद में उन्हें बताया गया कि यह आपकी सुरक्षा में रहेंगे। कुछ देर बाद उन्होंने दोनों कांस्टेबलों के लिए कुर्सी की व्यवस्था की और खुद उसी ठेल पर बैठ गए।

### ये है पूरा मामला

तीन जून को थाना जैथरा में रामेश्वर दयाल ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव, पूर्व जिपं अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव, पूर्व लेखपाल रामखिलाड़ी, राममूर्ति, रेखा एवं आदि के नाम से जबरन बैनामा करा लिया था। आरोप है कि पूर्व विधायक आदि ने बंधक बनाकर रखा था। वर्ष 2010 से 2014 तक कई बार बैनामे करा लिए थे। अलीगंज सीओ राजकुमार सिंह ने बताया, हाईकोर्ट में सुनवाई थी। इस मामले में गया था। न्यायाधीश महोदय की ओर से सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। वो सुरक्षा प्रदान कर दी गई है।

# फैक्ट्री से जब्त किया सामान हो गया चोरी

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-बंद फैक्ट्री की सील तोड़कर आरोपी जब्त किया गया सामान चोरी कर ले गया। साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से घटना को अंजाम दिया‍बंद फैक्ट्री की सील तोड़कर आरोपी जब्त किया गया सामान चोरी कर ले गया। साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से घटना को अंजाम दिया गया। बता दें कि कोतवाली जलेसर के गांव रामरायपुर में सोडा फैक्ट्री अवैध रूप से चलाई जा रही थी। कुछ दिन पहले एसडीएम, सीओ ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री के सील की थी। बताया जा रहा है कि सील की गई फैक्ट्री से साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से सामान चोरी कर लिया गया है। जानकारी होने के बाद एसडीएम के आदेश के बाद लेखपाल जितेन्द्र कुमार ने भूरी निवासी नगला पृथ्वी नाहरपुर जलेसर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएचओ जलेसर गजराज सिंह का कहना है कि लेखपाल ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट कराई गई है। सील तोड़कर फैक्ट्री से सामान चोरी किया गया।

# सड़क पार करते बालक को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


एटा-सड़क पार करते समय बाइक सवार ने बालक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बालक की मौत हो गई। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया‍सड़क पार करते समय बाइक सवार ने बालक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बालक की मौत हो गई। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। थाना मलावन के गांव छछैना निवासी शिवप्रताप (08) पुत्र धनवीर सिंह शनिवार रात को किसी काम से पैदल-पैदल जा रहा था। गांव के बाहर सड़क पार करते समय बाइकसवार ने रौंद दिया। टक्कर लगने से बालक की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। ऑटो की टक्कर से साइकिलसवार ईश्वर दयाल निवासी नगला छोकरिया, संजीव निवासी नगला भारा जैथरा घायल हो गए। दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# आर पी आई अठावले व टीम मोदी सपोर्टर संघ के नेताओ ने किया धर्म गुरुओं को स्वागत सत्कार





तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- उर्स के मौके पर खानकाह निजामिया में जाकर नदीम इकबाल ने सज्जादानशीन हजरत पाशा मियां का फूल मालाओं से स्वागत किया एवम शिरडी साईं बाबा मंदिर के सर्वाकार पंडित सुशील पाठक का शहामतगंज मंदिर पहुंचकर स्वागत वंदन किया

# पैर फिसलने से छत से गिरा युवक, मौत

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद एटा के थाना मारहरा के मोहल्ला वस्ती निवासी मुकेश (25) पुत्र जानकीप्रसाद शनिवार रात को छत से उतरते समय पैर फिसल गया। नीचे आ गिरा। छत से नीचे गिरने जनपद के थाना मारहरा के मोहल्ला वस्ती निवासी मुकेश (25) पुत्र जानकीप्रसाद शनिवार रात को छत से उतरते समय पैर फिसल गया। नीचे आ गिरा। छत से नीचे गिरने पर युवक की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया।

www.knlslive.com

# जेठ पर दुष्कर्म का आरोप, दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कोतवाली नगर एक मोहल्ला निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी असफिया निवासी मोहल्ला किदवई नगर सहित पांच ससुरालीजनों ने दहेज की खातिर कोतवाली नगर एक मोहल्ला निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी असफिया निवासी मोहल्ला किदवई नगर सहित पांच ससुरालीजनों ने दहेज की खातिर उत्पीड़न किया। जेठ पर दुष्कर्म का आरोप है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# "आपरेशन मुस्कान" के तहत परिजनों से नाराज होकर घर से निकले 16 वर्षीय किशोर को बागवाला पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर किया



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आपरेशन मुस्कान" के तहत परिजनों से नाराज होकर घर से निकले 16 वर्षीय किशोर को बागवाला पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द। घटनाक्रमानुसार एक 16 वर्षीय किशोर राघव पुत्र सन्त कुमार निवासी हरचंदपुर थाना बागवाला एटा दिनांक 17.07.2022 परिजनों से नाराज होकर घर से चला गया था। जिसके संबंध में उसके पिता द्वारा थाना बागवाला पर सूचना दी गई। उपरोक्त किशोर की सकुशल बरामदगी हेतु टीम गठित कर सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से प्रचार प्रसार किया गया। बागवाला पुलिस के इन सार्थक प्रयासों के चलते उपरोक्त किशोर को 24 घंटे के अंदर परसौन मंदिर से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों ने एटा पुलिस का आभार व्यक्त किया तथा इस कार्य के लिए एटा पुलिस को धन्यवाद देते हुए एटा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# अम्बिकापुर में स्काउट गाइड की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न,संभाग के सभी डीओसी ने प्रस्तुत किया विगत दो वर्षों का लेखा जोखा

## स्काउट गाइड से छात्रों में चरित्र का निर्माण होता है- सत्यनारायण शर्मा

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर का पत्र क्र. 225 दिनांक 08/07/2022 के अनुसार माननीय सत्यनारायण शर्मा जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मुख्य सलाहकार छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड व विधायक ग्रामीण रायपुर छ. ग. के निर्देश के परिपालन में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक अम्बिकापुर जिले के राजमोहिनी भवन में आयोजित की गई। इस समीक्षा बैठक में मुख्यातिथि सत्यनारायण शर्मा जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारत स्काउट एवं गाइड थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य सचिव कैलाश सोनी जी ने किया। विशिष्ट अतिथि में सुरेश शुक्ला जी जिला मुख्य आयुक्त रायपुर, शैलेन्द्र प्रताप सिंह राज्य आयुक्त कब, विकास अम्बष्ट जिला मुख्य आयुक्त बलरामपुर थे। बता दें कि पिछले दो वर्षों से कोरोना के चलते भारत स्काउट गाइड की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित नहीं हो पाई थी। इस वर्ष नए सत्र के शुरुवात में ही यह पहला संभाग स्तरीय बैठक अम्बिकापुर में आयोजित की गई थी।

### स्काउटिंग में बौद्धिक के साथ साथ चरित्र का निर्माण होता है- सत्यनारायण शर्मा

भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा स्काउट गाइड में हर व्यक्ति को शामिल होना चाहिए। इससे छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ अच्छे चरित्र का निर्माण होता है। जिससे छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। आगे कहा मैं मुख्यमंत्री जी से चर्चा करूंगा कि स्काउट गाइड के छात्रों को शासकीय नौकरी में वेटेज दे। अम्बिकापुर में स्काउट गाइड के लिए जमीन चिन्हांकित कर आबंटन कराने की भी बात कही।

### पिछले दो वर्षों के कामकाज पर हुई विस्तृत चर्चा- कैलाश सोनी

भारत स्काउट गाइड राज्य सचिव कैलाश सोनी जी ने बताया की भारत स्काउट गाइड विश्व की सबसे अधिक देशों में संचालित होने के साथ सबसे ज्यादा सदस्यों वाली पहली संस्था है। इस संस्था में छात्र जुड़कर व्यक्तित्व का विकास करते हैं। इस समीक्षा बैठक में माननीय सत्यनारायण शर्मा जी के उपस्थिति में पिछले दो वर्षों गतिविधियों पर गहन चर्चा के साथ जानकारी ली गई साथ ही जिला सचिव/ जिला संगठन आयुक्त/ जिले के स्काउट / गाइड के गतिविधियों व उपलब्धियों की जानकारी, जिले के विकास खंडवार संचालित स्काउट/ गाइड दलों का पंजीयन/ नवीनीकरण वर्तमान स्थिति के अनुसार, समस्त विकास खंडों में शासकीय / अशासकीय / अर्धशासकीय विद्यालयों में स्काउटिंग/ गाइडिंग का दल पंजीयन किया जाना अनिवार्य है लेकिन किसी संस्था द्वारा यदि नहीं किया जा रहा है तो ऐसे संस्थाओं की जानकारी ली गई।

### कार्यक्रम में एचडब्ल्यूबी प्रमाण पत्र व अधिकार पत्र वितरित किये

इस कार्यक्रम के दौरान संभाग के स्काउटर गाइडर जिन्होंने एचडब्ल्यूबी कोर्स किये है उनको मुख्य अतिथियों के हाथों प्रमाण पत्र वितरित किये साथ ही साथ स्काउटरों जिन्होंने विद्यालय में गतिविधियों को बढ़ाने व छात्रों की सहभागिता देने सक्रिय हैं उनको अधिकार पत्र दिया गया। आगे इस कार्यक्रम में स्काउट/ गाइड, रोवर / रेंजर जिन्होंने अन्य गतिविधियों में हिस्सा लिया था उनको प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस समीक्षा बैठक के बारे में रोवर लीडर व मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ध्रुव ने बताया संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित होने से भारत स्काउट गाइड गतिविधियों में गति आएगी। इस बैठक में नए कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। जिसको इस वर्ष अनेक गतिविधि कराकर पूर्ण करना है। इस बैठक में रामदत्त पटेल सहायक राज्य आयुक्त, सुश्री बी. बड़ा सहायक संचालक कोरिया, शैलेन्द्र कुमार मिश्रा सहायक राज्य प्रशिक्षण आयुक्त, भूपेंद्र शर्मा सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट बिलासपुर, जेरमिना एक्का सहायक राज्य संगठन आयुक्त गाइड, त्रिभुवन शर्मा सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट के साथ सूरजपुर स्काउट डीओसी बलभद्र देवांगन, जिला सचिव उमेश गुर्जर, एडीओसी कन्हैया लाल सोनी, प्रतापपुर विखं सचिव प्रेम सिंधु मिश्रा, जिला काउंसलर गोवर्धन सिंह, रोवर लीडर कृष्ण कुमार ध्रुव, जशपुर से डीओसी प्रदीप कुमार यादव स्काउट, प्रीति सुधा किस्पोट्टा गाइड डीओसी, गुलाबचंद्र पैंकरा, मधुकर ध्रुव, टूमनु गोसाई, डीटीसी फादर आनंद, विखं सचिव हेमन्त पैंकरा, अक्षय कुमार प्रधान, अमित जैन, बलरामपुर से डीओसी स्काउट जयपाल विश्वकर्मा, ललन कुमार पटेल, धनसी प्रसाद यादव, कोरिया डीओसी नागेश्वर साहू, अम्बिकापुर डीओसी योगेश विश्वकर्मा, असफाक अली, चित्रकान्त जायसवाल, अशोक दुबे, जाकिर हुसैन, आनंद साहू, नंद कुमार सिंह, प्रमोद भगत, महेश्वर तिवारी, अभिषेक आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने किया।

## 12वीं पास युवाओं के लिए होटल मैनेजमेंट प्रबंधन में सुनहरा अवसर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन द्वारा कार्यालय इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजेमेंट, केटरिंग टेक्नालॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, रायपुर उपरपारा, सेक्टर 40, अटल नगर नवा रायपुर के द्वारा भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रायोजित रोजगारमूलक हुनर से रोजगार तक निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है। जिसमें प्रशिक्षणार्थी हेतु भोजन, आवास, यूनिफार्म पाठ्य सामग्री इंस्टीट्यूअ उपलब्ध कराएगा। एडमिनिस्ट्रेशन प्रशिक्षण की अवधि 3 वर्ष, आवेदक को विज्ञान संकाय से 12 वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। होटल मैनेजमेंट के संबंध में अधिक जानकारी हेतु वेबसाईट www.ihmraipur.com या जिला रोजगार अधिकारी से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है। इच्छुक उम्मीदवार 22 जुलाई तक जिला रोजगार कार्यालय सूरजपुर में अपना आवेदन जमा कर सकते है।

# भटगांव पुलिस ने जुआ खेल रहे 6 जुआड़ियों को पकड़ा, 12300 रूपये किया बरामद



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- अवैध शराब, जुआ, नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्व कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिपेक्ष्य में भटगांव पुलिस ने ग्राम बंशीपुर में हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलने के मामले में 06 जुआड़ियों को रंगे हाथों पकड़ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। रविवार शाम को थाना प्रभारी भटगांव को मुखबीर ने सूचना दिया कि बंशीपुर जंगल केंदली नाला के पास कुछ जुआडियान रूपये पैसे की हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जुआ खेल रहे 06 व्यक्ति राजुदास, मूल सिंह, जिआउलहक, नंदकिशोर गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता व मणीरंजन उर्फ पिन्टू मिश्रा को पकड़ा जिनके कब्जे व जुआ फड से 12300 रूपये जप्त कर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चंद्रा, एएसआई गुरू प्रसाद यादव, आरक्षक रजनीश पटेल, प्रकाश साहू, नौशाद खान, कमलेश सिंह व बबलू राजवाड़े सक्रिय रहे।

# 19 बेजा कब्जा धारकों को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ग्राम तिलसिंवा में शासकीय भूमि पर काबिज 19 लोगों को उच्च न्यायालय में बड़ी राहत देते हुए पट्टा की कार्यवाही पूर्ण होने तक बेदखली की कार्यवाही रोकने का आदेष जारी किया है। गौरतलब है कि नगर सीमा से लगे ग्राम पंचायत तिलसिवां एवं मानपुर की शासकीय भूमि पर वर्षों से काबिज 19 लोगों के घरों में तहसीलदार सूरजपुर की ओर से बेदखली के लिए नोटिस चस्पा कर 30 जून तक मकान कब्जा हटा लेने के निर्देष दिये थे। इस नोटिस के बाद दहषत में आए प्रभावित लोगों ने कलेक्टर, एसडीएम, विधायक समेत अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ ही उच्च न्यायालय में रीट दायर कर राहत की मांग की थी। उच्च न्यायालय ने प्रभावित पक्ष के वकील द्वारा प्रस्तुत दलील एवं दस्तावेज के आधार पर बड़ी राहत दी है और पक्षकारों के पट्टा प्रकरण का निराकरण होते तक कार्यवाही रोकने के निर्देष दिये हैं।

शासन स्तर पर पट्टे के लिए हुआ है सर्वे- जिला मुख्यालय और इससे लगे ग्रामों में शासकीय भूमि पर काबिज दारों को राज्य सरकार की योजना के तहत पट्टा प्रदान करने की दृष्टि से सर्वेक्षण का कार्य संबंधित पटवारी व राजस्व निरीक्षक की टीम के द्वारा 06 माह पूर्व किया गया है। इसी को आधार बनाकर उच्च न्यायालय में रीट दायर की गई थी।

पक्षकारों ने तहसीलदार को सौंपा आदेष-
इस मामले में उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेष की प्रति सोमवार को अधिवक्ता गैबीनाथ साहू एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवेष गोयल के साथ पक्षकारों ने तहसीलदार संजय राठौर को सौंपी और बरसात के मौसम को ध्यान में रखने के साथ ही पक्षकारों को पट्टा प्रदान कर न्याय देने की मांग की है।